गुरुवार
12 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



उग्र किसानों ने पुलिस को पीटा, फूंके 18 वाहन 4

# चौसा में बर्बरतापूर्ण पिटाई पर उबले किसान, मचाया उत्पात

## मांगा मुआवजा मिली लाठियां

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार के बक्सर जिले के चौसा में बन रहे थर्मल पावर प्लांट के लिए किए जा रहे जमीन अधिग्रहण का मामला हिंसक रूप लेता जा रहा है। जमीन के उचित मुआवजे के लिए किसान पिछले 85 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। मंगलवार रात पुलिस ने आंदोलन कर रहे किसानों के घर में घुसकर लोगों पर लाठी चलाई। पुलिस वालों ने महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भी पीटा। पुलिस के इस लाठीचार्ज का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ बुधवार को किसानों ने उग्र रूप ले लिया। किसानों ने पुलिस की कई गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए कई गाड़ियों में आग लगा दी। कई पुलिसकर्मियों की पिटाई करने के साथ ही थर्मल पावर प्लांट में भी तोड़-फोड़ की। हालात ये हो गए कि उग्र किसानों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

दरअसल, चौसा में एसजेवीएन के पॉवर प्लान्ट के लिए किसानों का भूमि अधिग्रहण 2010-11 से पहले ही किया गया था. उस समय किसानों को 2010-11 के अनुसार मुआवजे का भुगतान किया गया था। कंपनी ने 2022 में किसानों की जमीन अधिग्रहण करने की करवाई शुरू की तो किसान वर्तमान दर के हिसाब से अधिग्रहण की जाने वाली जमीन का मुआवजा मांगने लगे। जबकि कंपनी पुराने दर पर ही मुआवजा देकर जमीन अधिग्रहण कर रही है। इसके विरोध में किसान आंदोलन कर रहे हैं। इसी मामले में पुलिस ने घर में घुसकर महिलाओं, पुरुषों, बच्चों पर लाठी बरसाईं।

**संबंधित खबर से जुड़ा स्पेशल कवरेज देखें पेज नंबर चार पर**

पुलिस ने घर में घुसकर महिलाओं, पुरुषों, बच्चों पर बरसाईं लाठियां



### ग्रामीणों से किया वादा कंपनी ने नहीं निभाया

चौसा में थर्मल पॉवर प्लांट लगाने से पहले जिले के किसानों को कंपनी द्वारा आश्वासन दिया गया था कि कंपनी के इस इलाके में स्थापित हो जाने के बाद इस जिले में तीव्र गति से विकास होने के साथ ही साथ कंपनी के सीएसआर फंड से यहां बड़े-बड़े स्कूल, होटल एवं रोजी रोजगार के संसाधन बढ़ाए जाएंगे। नौकरी में स्थानीय को वरीयता दी जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। यहां तक कि कंपनी के अंदर सभी कर्मियो की बहाली अन्य प्रदेशों से की गई।

### किसानों पर केस के बाद की गई कार्रवाई : थानेदार

किसानों के घर में घुसकरलाठी बरसाने के मामले में मुफस्सिल थाने के थानेदार अमित कुमार ने बताया कि आखिर पुलिस 12 :00 रात में किसानों के घर में क्या करने गई थी तो उन्होंने बताया कि एसजेवीएन पॉवर प्लान्ट की तरफ से कुछ किसानों पर एफआईआर दर्ज कराया गया था। जब पुलिस रात में पकड़ने गई तो पहले उन लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने लाठी बरसाई।

# मधुबनी की जीविका दीदियों को सीएम ने दिया 43 लाख का चेक



## समाधान यात्रा

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 'समाधान यात्रा के क्रम में मधुबनी जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड अंतर्गत जगतपुर पंचायत के वार्ड संख्या-4 स्थित महादलित / अतिपिछड़ा टोला का भ्रमण कर विकास योजनाओं का जायजा लिया। जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत जीर्णोद्धार किये गए सोनमा सागर का निरीक्षण करने के क्रम में उसके चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट बनाने का मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया ताकि स्थानीय लोगों को सहूलियत हो और छठ पूजा के दौरान व्रती अर्घ्य भी दे सकें।

मुख्यमंत्री ने समेकित बाल विकास परियोजना, रहिका ( अपना आंगनबाड़ी केंद्र) में पोषण थाली, सूखा राशन, अन्नप्राशन आदि से संबंधित लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन का मजबूतीकरण और सुदृढ़ीकरण करायें साथ ही चहारदीवारी को और ऊंचा करायें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थी महिलाओं के बीच किट वितरित किया। सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत रहिका के 122 परिवारों हेतु मुख्यमंत्री ने 43 लाख 38 हजार रुपये की राशि का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

जाति आधारित गणना से संबंधित लगे स्टॉल का जायजा लेने के क्रम में मुख्यमंत्री ने पर्यवेक्षकों से बातचीत के क्रम में कहा कि पहले चरण में घरों की गिनती होनी है। जाति आधारित गणना के क्रम में जाति के साथ-साथ परिवारों की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी लेनी है। इसके अलावा बाहर रहनेवाले लोगों के विषय में भी स्थानीय लोगों के माध्यम से जानकारी संग्रहित करनी है ताकि उनकी संख्या और आर्थिक स्थिति की जानकारी मिल सके। कितने लोगों को बाहर जाना पड़ रहा है, यह पता चलेगा।

## खबरें फटाफट

### अमेरिका में एयर मिशन सर्विस में खराबी, 93 उड़ानें रद्द, 1300 लेट

**एजेंसी।** अमेरिकी में एयर मिशन सर्विस में खराबी आने के कारण विमान सेवा बुरी तरह से प्रभावित हो गईं है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बुधवार को बताया कि सर्वर में खराबी आने की वजह से पूरे देश में कई उड़ानों को रोक दिया गया है। समाचार एजेंसी सीएनएन के मुताबिक इस खराबी की वजह से पूरे देश में कुल 93 उड़ानों को कैंसिल कर दिया गया और 1300 से अधिक उड़ाने लेट हो गई हैं।

### बिहार में बीमार मवेशियों का डोर-टू-डोर हो सकेगा इलाज : मंत्री

**बक्सर।** पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री आफाक आलम ने बुधवार को कहा कि जल्द ही प्रदेश में बीमार मवेशियों का डोर टू डोर इलाज करने के लिए चिकित्सा सुविधाओं से लैश एंबुलेंस उपलब्ध कराया जाएगा। तीन साल के अंदर सूबे में 1134 एंबुलेंस उपलब्ध कराए जाने की योजना है। पशुपालन विद्यालय में जारी मैत्री प्रशिक्षण केन्द्र सह हरियाणा फार्म का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होनें कहा कि देशी गायों के संरक्षण व संबर्द्धन के लिए बिहार में खोले जाने वाले एकलौता केन्द्र प्रायोजित गोकूल ग्राम योजना का मामला धन के अभाव में रूका हुआ है। विभाग द्वारा केन्द्र सरकार से धन आंवटित करने को लेकर पत्राचार किया गया है।

**केंद्र सरकार का तोहफा : 2600 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी**

# अब भीम यूपीआई और रुपे डेबिट कार्ड से लेनदेन पर मिलेगा इंसेंटिव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मोदी सरकार ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन को बढ़ाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने अब रुपे डेबिट कार्ड और कम वैल्यू के भीम-यूपीआई लेनदेन पर इंसेटिव देने की घोषणा की है। इससे एक समान्य यूजर से लेकर व्यापारी तक को फायदा मिलेगा। बता दें, केंद्र सरकार ने इसके लिए 2,600 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया। मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि ये प्रोत्साहन रुपे डेबिट कार्ड और भीम यूपीआई के इस्तेमाल पर दिए जाएंगे।

योजना के तहत बैंकों को चालू वित्त वर्ष में RuPay और UPI का उपयोग करके पॉइंट ऑफ सेल और ई-कॉमर्स लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। पिछले साल अपने बजट भाषण में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले बजट में घोषित डिजिटल पेमेंट्स के लिए वित्तीय सहायता जारी रखने की सरकार की मंशा की घोषणा की थी, जिसमें पेमेंट्स प्लेटफार्मों के उपयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए एक बेहतर माहौल बनाने को कहा गया था।



**782.9 करोड़ बार डिजिटल ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड:** यह योजना UPI लाइट और UPI123PA को आसान और यूजर्स के अनुकूल डिजिटल भुगतान को करने और उसे बढ़ावा देने का काम करेगी। UPI ने दिसंबर 2022 के महीने में 12.82 लाख करोड़ रुपये के मूल्य के साथ 782.9 करोड़ बार डिजिटल ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड हासिल किया है।

**3 नई सहकारी समितियों की स्थापना को मंजूरी:** कैबिनेट ने निर्यात, जैविक उत्पादों और बीजों को बढ़ावा देने के लिए तीन नई सहकारी समितियों की स्थापना की योजना को भी मंजूरी दी है। इसमें नेशनल एक्सपोर्ट सोसाइटी, नेशनल कोऑपरेटिव सोसाइटी फॉर ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स और नेशनल लेवल मल्टी-स्टेट सीड कोऑपरेटिव सोसाइटी की स्थापना शामिल है।

## मोदी कैबिनेट में इसी महीने हो सकती है फेरबदल, चिराग का नाम भी चर्चा में

आगामी चुनावों की रणनीति के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी जहां अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों में जुटी है, वहीं इसी महीने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावनाओं को भी बल मिल रहा है। मंत्रियों के प्रदर्शन और सत्तारूढ़ पार्टी की राजनीतिक अनिवार्यताओं के कारण यह बदलाव होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार यह फेरबदल 31 जनवरी को संसद का बजट सत्र शुरू होने से पहले किसी भी दिन हो सकता है। भाजपा कार्यकारिणी की बैठक 16-17 जनवरी को दिल्ली में होनी है। ऐसी राय है कि गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत और हिमाचल प्रदेश विधानसभा एवं दिल्ली नगर निगम चुनावों में हार से मिले सबक का असर इस फेरबदल में दिख सकता है। साथ ही कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे चुनावी राज्यों में राजनीतिक जरूरतों के अनुसार भी इस मंत्रिपरिषद में फेरबदल हो सकता है।

यह फेरबदल संभवत: आखिरी बार होगा, क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब केवल 15 महीने का समय बचा है। ऐसे में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में उभरते राजनीतिक समीकरण भी फेरबदल में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। इसी तरह, ऐसी चर्चा है कि पार्टी के संगठन में भी बदलाव लाया जा सकता है। मोदी की मंत्रिपरिषद में बदलाव हमेशा चौंकाने वाले रहे हैं, क्योंकि कभी-कभी ऐसे मंत्रियों को हटाया गया और ऐसे लोगों को मंत्री बनाया गया, जिसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था।

पिछली बार प्रकाश जावड़ेकर और रविशंकर प्रसाद को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था, जबकि पूर्व आईएएस अधिकारी अश्विनी वैष्णव को शामिल किया गया था और उन्हें रेलवे एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए गए थे। पिछले फेरबदल के बाद मुख्तार अब्बास नकवी को मंत्री पद गंवाना पड़ा था। सहयोगी दलों जनता दल (यू) और शिवसेना कोटे से मंत्री रहे नेताओं के इस्तीफे से भी पद खाली हुए हैं। दोनों दल इस समय विपक्षी खेमे में हैं। फेरबदल में महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे को प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है। एक राय यह भी है कि भाजपा चिराग पासवान को पुरस्कृत कर सकती है, जिन्हें उनके पिता और बिहार के दिग्गज दलित नेता रामविलास पासवान के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंजामिन नेतन्याहू को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बुधवार को फोन पर बात की। पीएम मोदी ने बेंजामिन नेतन्याहू को आमंत्रित भी किया। नेतन्याहू जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नेतन्याहू को छठी बार इजरायल के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के लिए हार्दिक बधाई दी। इस बारे में पीएम मोदी ट्वीट किया कि, अपने अच्छे दोस्त इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके अच्छा लगा। उन्हें उनकी प्रभावशाली चुनावी जीत और रिकॉर्ड छठी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई दी।




**सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में किया था वादा**

# सऊदी अरब ने भारत का हज कोटा दो लाख किया

- भारत का हज कोटा पहले एक लाख पचहत्तर हजार था

**एजेंसी/नई दिल्ली**

हज 2023 की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार हज में कोरोना को लेकर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। खास बात यह है कि सऊदी अरब ने भारतीय मुसलमानों के लिए एक अच्छा फैसला लिया है। सऊदी अरब ने अब भारत का हज कोटा एक लाख पचहत्तर हजार से बढ़ाकर दो लाख कर दिया गया है। इस फैसले के बाद उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों के सभी हज आवेदक इस साल तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं क्योंकि कोटे में बढ़ोतरी के बाद उनकी वेटिंग लिस्ट को मंजूरी दे दी गई है।



इस साल फरवरी में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक बैठक में घोषणा की थी कि भारतीय हज कोट में 25 हजार की बढ़ोतरी के साथ इसे दो लाख कर दिया जाएगा। लगातार तीन साल में यह तीसरी बढ़ोतरी है। सूत्रों ने बताया कि रिकॉर्ड दो लाख भारतीय मुसलमान इस साल बिना सब्सिडी के हज यात्रा कर सकेंगे।

**कोविड के बाद हज यात्रियों की संख्या में कमी:** यह घोषणा जेद्दा में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित एक द्विपक्षीय समझौते के हिस्से के रूप में हुई है। सऊदी अरब के हज और उमराह के उप मंत्री डॉ एडेलफत्ताह बिन सुलेआम मैश और भारतीय महावाणिज्यदूत मोहम्मद शाहिद आलम ने जेद्दा में पूर्व के कार्यालय में समझौते पर हस्ताक्षर किए। पिछले कुछ सालों में कोविड को देखते हुए सऊदी अरब ने पूरे विश्व से हज यात्रियों की संख्या को सीमित कर दिया था।

**दो हजार से ज्यादा महिलाएं अकेले करेंगी हज यात्रा:** भारत के लिए उच्चतम कोटा 2019 में था, जब 1.4 लाख तीर्थयात्रियों ने पवित्र तीर्थ यात्रा की थी. 2022 में सऊदी अरब ने हज के लिए 79,237 भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया था। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान, 2010 में उच्चतम कोटा 1,26,018 था. इस साल कम से कम 2,340 भारतीय मुस्लिम महिलाएं बिना पुरुष साथी या मेहरम के हज यात्रा पर जाएंगी। इस कोटे का सबसे ज्यादा फायदा उत्तर प्रदेश को होगा। अकेले यूपी से 30 हजार से ज्यादा लोग हज यात्रा पर जाएंगे।

## खबरें फटाफट

### दुर्घटना में बाइक सवार युवक जख्मी

**आरा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के वरुणा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप आरा-अरवल रोड पर बुधवार की शाम किसी वाहन ने बाइक सवार एक युवक को ठोकर मार दी। उसमें युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक सहार गांव निवासी हसीब साह का 30 वर्षीय पुत्र मो.मुमताज साह है। वह हैदराबाद स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह बुधवार को अपनी पत्नी के साथ हैदराबाद से गांव आ रहा था। इस क्रम में आरा स्टेशन उतरा था। पत्नी को स्टेशन पर बैठाने के बाद सामान लेकर बाइक से अपने गांव सहार जा रहा था। उसी दौरान वरुणास्थित पेट्रोल पंप के समीप किसी वाहन द्वारा उसकी बाइक में ठोकर मार दी गयी। उससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे नारायणपुर गश्ती पुलिस द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया।

### ठंड को लेकर गर्म कपड़ों का वितरण

**आरा।** महापौर इंदु देवी के निर्देश पर समाजसेवी व नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रेम पंकज ललन जी के नेतृत्व में शहर के धोबघटवा, देवी स्थान आदि विभिन्न मुहल्ले में जैकेट वितरण किया गया। मौके पर प्रेम पंकज ललन जी ने कहा कि भीषण ठंड में जन जीवन त्रस्त हैं। ऐसे में हम सबका दायित्व है कि समाज के पीड़ित व असहाय लोगों की हर संभव मदद करना है। बुधवार को जैकेट वितरण के साथ देर रात कंबल वितरण शहर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। वहीं पिछले सप्ताह से ही दर्जनो स्थान पर लगातार अलाव जलाया जा रहा हैं। इस दौरान राजेन्द्र सिंह, मदन प्रसाद, शंभु नाथ प्रसाद, विष्णु शंकर, सुनिल कुमार, राजेश कुमार, रिंकू, राहुल कुमार, राजेश केशरी व अन्य लोग मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**आरा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। सभागार में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा यह बताया गया कि केवल शपथ लेने से सड़क सुरक्षा संभव नहीं है। सभी को अपने-अपने स्तर से जागरूक करने की कार्रवाई करनी चाहिए। उपस्थित सभी विभाग के पदाधिकारी अपने-अपने विभाग के कर्मचारियों को भी जागरूक करें। 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने हेतु जिला पदाधिकारी, भोजपुरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना करते हुए सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

# खांसते और छींकते समय मुंह पर रूमाल या कोई साफ कपड़ा रखें टीबी मरीज

केटी न्यूज/बक्सर

- टीबी के मरीज को सार्वजनिक जगहों पर थूकने से करना चाहिए परहेज
- बीच में उपचार छोड़ देने की स्थिति में टीबी से निजात पाना हो जाता है कठिन




हमारे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र हर समय रोगजनक जीवाणुओं से लड़ता रहता है। लेकिन, प्रतिरक्षा तंत्र जैसे ही कमजोर होता तो बीमारियां हावी होने लगती हैं। ऐसी ही, बीमारियों में से एक है टीबी की बीमारी। टीबी (ट्यूबरक्लोसिस) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु से होता है। टीबी रोग मुख्य रूप से फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। साथ ही, टीबी का वायरस आंत, मस्तिष्क, हड्डियों, जोड़ों, गुर्दे, त्वचा तथा हृदय को भी प्रभावित कर सकता है। टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर जिला में यक्ष्मा सेंटर प्रयासरत है। हालांकि, मरीजों को भी इलाज के दौरान एहतियात बरतना होता है। जिससे उनके द्वारा कोई और भी संक्रमित न हो जाए। टीबी के मरीज को खांसते या छींकते समय मुंह पर रुमाल या कोई साफ कपड़ा रखना चहिए। मरीज को सार्वजनिक जगहों पर थूकना नहीं चहिए। मरीज को अपनी बलगम को इकट्ठा करके उसे उबालकर बहते पानी में बहा देने या फिर जमीन में दबा देने से संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है।

**हवा में पांच फीट तक जाते हैं ड्रॉपलेट :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया, केवल फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक होती है। टीबी एक ड्रॉपलेट इंफेक्शन है। अगर कोई टीबी का मरीज छींकता है, या खांसता है, तो इसके ड्रॉपलेट हवा में पांच फीट तक जाते हैं। ऐसे में, हम मास्क लगाकर और दूरी बनाकर टीबी के संक्रमण को रोक सकते और उसे खत्म कर सकते हैं। टीबी के मरीजों को अपना उपचार पूरा कराने की सलाह दी जाती है। यदि बीच में उपचार छोड़ दिया जाए, तो टीबी से निजात पाना कठिन हो जाता है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी का संक्रमण भी फेफड़ों से होता है। अगर इस संक्रमण को रोक लिया जाए तो एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से बचा जा सकता है। टीबी का मरीज एक वर्ष में दस से पंद्रह लोगों को इस बीमारी से संक्रमित कर सकता है। ऐसे में, टीबी का समय रहते इलाज होना बेहद जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं कि यह रोग किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। इसलिए, इसे छुपाने की नहीं, बल्कि इस रोग के इलाज की जरूरत है।

### संक्रमित मरीजों के बलगम में टीबी के जीवाणु पाए जाते हैं

दो हफ्ते या उससे अधिक समय से खांसी आना टीबी का मुख्य लक्षण हो सकता है। वहीं, शाम को बुखार आना, बलगम के साथ खून आना, वजन कम होना इसके अन्य लक्षणों में शामिल हैं। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। लेकिन, फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक बीमारी है। फेफड़ों की टीबी के रोगी के बलगम में टीबी के जीवाणु पाए जाते हैं। रोगी के खांसने, छींकने और थूकने से ये जीवाणु हवा में फैल जाते हैं, और अन्य व्यक्ति के सांस लेने से यह जीवाणु उस व्यक्ति के फेफड़ों में पहुंच जाते और उसे संक्रमित कर देते हैं। टीबी एक ऐसी बीमारी है, जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। जो टीबी शरीर के किसी अन्य अंग में होती है, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहते हैं। इसके लक्षण भी सामान्य लक्षण से भिन्न होते हैं। अगर किसी को पेट में टीबी होती है, तो उस मरीज को पेट में दर्द और दस्त की शिकायत रहेगी। जो टीबी शरीर के किसी अन्य अंग में होती है, वह संक्रामक नहीं होती।

## चौरी, पवना, उदवंतनगर व मुफस्सिल इलाके में हुई लूट की छह वारदात का खुलासा

# सफलता: व्यवसायी और शिक्षकों सहित लूट की छह घटनाओं में पांच अपराधी गिरफ्तार

- गिरफ्तार अपराधियों में लुटेरे और सामान खरीदने वाले भी शामिल
- तकनीकी जांच और लोकल इनपुट के माध्यम से लुटेरों तक पहुंची पुलिस

केटी न्यूज/आरा



पकड़े गए अपराधियों की जानकारी देते एसपी व अन्य

लूट की घटनाओं का खुलासा करने में जुटी भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने व्यवसायी और दो शिक्षकों सहित करीब छह लोगों से लूटपाट करने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। लूट की एक बाइक व तीन मोबाइल सहित अन्य सामान भी बरामद किये गये है। गिरफ्तार अपराधियों में चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी पप्पू कुमार, संजीत कुमार, संदेश थाने के डिहरी गांव निवासी रितेश कुमार, पवना थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव निवासी दीपक कुमार और सिकरहट्टा थाने के बघरा टोला गांव निवासी रितिक रोशन शामिल हैं। इन अपराधियों में लूटपाट करने वालों के साथ लूट के सामान खरीदने वाले भी शामिल हैं। इन सभी की गिरफ्तारी से चौरी थाना क्षेत्र में व्यवसायी, उदवंतनगर व मुफस्सिल में शिक्षक और पवना में एक युवक सहित छह से लूट की घटनाओं का खुलासा हुआ है। लूट की यह सभी वारदात इस साल एक से नौ जनवरी के बीच हुई है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि तकनीकी जांच और लोकल इनपुट के जरिए अपराधियों की गिरफ्तारी की जा सकी है।

**निशानदेही पर पकड़े गये लूट का सामना खरीदने वाले :** एसपी ने बताया कि गत एक जनवरी की शाम करीब सात बजे पवना पेट्रोल पंप के पास आरा से बाइक से अरवल जा रहे लवकुश कुमार नामक युवक से हथियार के बल पर लूटपाट की गयी थी। बदमाशों द्वारा ओवरटेक कर उसकी बाइक और मोबाइल छीन ली गयी थी। उसके बाद लुटेरे की गिरफ्तारी के लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम ने तकनीकी जांच औ लोकल इनपुट के आधार पर लूटपाट में शामिल अपराधियों की पहचान की। उसमें चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी पप्पू कुमार, संजीत कुमार, संदेश थाने के डिहरी गांव निवासी रितेश कुमार और पवना थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव निवासी दीपक कुमार का नाम सामने आया। उसके बाद मंगलवार की रात सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से लूट की एक सहित तीन बाइक, लूट कै तीन मोबाइल, एक आधार कार्ड और एक पैन कार्ड भी बरामद किया गया। एसपी ने बताया गिरफ्तार अपराधियों में दो लूटपाट में शामिल थे और दो लूट की बाइक और मोबाइल खरीदने वाले हैं। छापेमारी टीम में पवना थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### व्यवसायी से हुई लूट मामले में बाइक और मोबाइल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी और हरपुर लख के बीच पीरो के व्यवसायी से लूटपाट के मामले में पुलिस ने एक का बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बघरा टोला गांव निवासी रितिक रोशन है। उसके पास से व्यवसायी की लूटी गयी अपाची बाइक और मोबाइल बरामद किया गया है। इस मामले में दो अपराधी पहले ही आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। कुछ रोज पूर्व नवादा थाने की पुलिस द्वारा दोनों को वाहन जांच के दौरान हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। वहीं घटना में शामिल तीन अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उनमें दो का पुराना अपराधिक इतिहास है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि 1 जनवरी को चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी से हरपुर लख जाने वाली पक्की सड़क के पास हथियार बंद अपराधियों ने पीरो के भागलपुर मोहल्ला निवासी व्यवसायी दिलशाद अली से मोबाइल, अपाची बाइक और कुछ नगद लूट लिया था। इस संबंध में चोरी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी। उसके बाद कांड के उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। उसमें चौरी थानाध्यक्ष और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे। टीम द्वारा तकनीकी आधार पर कांड का उद्भेदन करते हुए सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बघरा टोला निवासी रामाशंकर सिंह के पुत्र रितिक रोशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### बक्सर में सारीमपुर के युवक का दिनदहाड़े पिस्टल दिखा अपहरण



**बक्सर।** बक्सर में दिनदहाड़े युवक के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद पुलिस विभाग में हडकंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जूट गई है। अपहरण की घटना मंगलवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे के करीब मुफसिल थाना क्षेत्र के गोलम्बर इलाके से हुई। सूत्रों कि मानें तो जब सारीमपुर निवासी गहर खां पिता एहसान खां एक सीएसपी संचालक है। जो गोलम्बर के अलावे इटाढ़ी में भी सीएसपी का संचालन करता है। जिसके वह खाना खाने घर जाने के लिए निकला जैसे ही हथियार बंद अपराधियों द्वारा उठा लिया गया। युवक की बाइक व बैंग रेलवे फाटक इटाढ़ी गुमटी पर मिली है। इसके पहले युवक ने अपने भाई को फोन पर घटना की सूचना दी थी कि कुछ लोग उसको गोलम्बर के सीएसपी वाले ऑफिस में पिस्टल दिखा रहे है। जान से मारने की धमकी दे रहे है। हलांकि अस मामले में पुलिस जांच कर रही है। वहीं कोई भी पदाधिकारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे है। डीआईयू प्रभारी एनजीओ राजेश मलाकार अपने टीम के साथ एनजीओ कार्यालय व आस-पास के लगे फुटेज खंघाल रहे है। सूत्रों के अनुसार अभी कुछ भी सुराग हाथ नही लगा है। सूत्रों कि माने तो ममाला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ भी हो सकता है।

### सर गणेश दत्त की 156वीं जयंती पर आंदोलन का बिगुल फूंकेगी सवर्ण सेना: भागवत शर्मा



**जहानाबाद।** शहर के एक निजी होटल में सवर्ण सेना के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसका को संबोधित करते हुए सवर्ण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भागवत शर्मा ने कहा कि तेरह जनवरी को सवर्ण सेना के द्वारा कृष्णा गार्डन, जहानाबाद में सर गणेश दत्त सिंह की 156वीं जयंती मनाई जाएगी। जयंती समारोह को लेकर भागवत शर्मा ने बताया कि जयंती समारोह में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन शांडिल्य रहेंगे। भागवत शर्मा ने बताया की सर गणेश दत्त सिंह की जयंती पर युवा साथी बड़े आंदोलन का आगाज करेंगे, केंद्र एवं बिहार सरकार आरक्षण का ठप्पा लगाकर तमाम तरह की योजनाओं के लाभ से ईडब्ल्यूएस के छात्रों को वंचित रख रही है। भागवत ने बताया की सामाजिक चेतना के लिए जीवन भर प्रयासरत रहे सर गणेश दत्त ने सामाजिक उत्थान में अपना पूरा जीवन खपा दिया। उनकी जयंती पर हम जिले के सभी सामाजिक कार्यकताओं और युवाओं से आग्रह करते हैं कि वे सभी अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। जयंती समारोह में सर गणेश दत्त के सामाजिक योगदानों पर चर्चा करते हुए हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही अपनी सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। सवर्ण सेना के द्वारा निरंतर बाइस जिलों में सवर्ण महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में ब्रजेश कुमार, छोटू कुमार, अभिराम शर्मा, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, धीरज कुमार, दीपक कुमार, गौतम कुमार, सहित अनेक लोग शामिल थे।

### जीविका समूह के बीच चक्रीय राशि का वितरण



**जहानाबाद।** पीएम कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत जीविका समूह के बीच जीविकोपार्जन संबंधित कार्यक्रम के तहत 73.20 लाख का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मखदुमपुर के बीडीओ प्रभाकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि यह सहयोग राशि स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण काम करेगा। ग्रामीण स्तर की महिलाएं जागरूक होकर इस पैसे का उपयोग अपने आर्थिक आमदनी को बढ़ाने में करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम लखन ठाकुर सहायक निदेशक (शस्य)भूमि संरक्षण सहपीआईए ने किया। विशिष्ट अतिथि अनिता कुमारी डीपीएम जीविका ने सभी समूह के सदस्यों को आर्थिक उन्नति कर सहयोग देने की बात कही। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी नेहा कुमारी ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर के भाग ले रही है और परिवार को चलाने में घर से लेकर बाहर तक सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर रही है। सहायक निदेशक (शस्य) प्रक्षेत्र इंदू सिन्हा ने महिलाओं को संबोधित किया। विशेष प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन हुआ जिसमें मोहित कुमार परियोजना प्रबंधक ने कहा कि परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत जीविका समूह के बीच मखदुमपुर के 8और घोसी के दो पंचायतों के समूहों के बीच यह पैसा आर्थिक उन्नति में सहायक सिद्ध होगा इस पैसे का उपयोग समूह की महिलाएं अपने आर्थिक आमदनी को बढ़ाने के लिए करेंगी।

## युवा दिवस के अवसर पर महुली गंगा घाट चला स्वच्छता अभियान

केटी न्यूज/आरा

नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता अंतर्गत मां गंगे युवा क्लब कुदरिया के द्वारा युवा दिवस की पूर्व संध्या पर महुली गंगा घाट पर स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह और सचिव मनीष कुमार सिंह ने किया। युवा दिवस के पूर्व संध्या पर जीती कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है क्या वर्तमान समय में माननीय प्रधानमंत्री का जो सपना है गंगा स्वच्छता विरोध हो उसके लेकर ये कल्ब के युवा निरंतर गतिमान हैं।

चंदन सिंह ने बताया कि हम महुली गंगा घाटों पर हमेशा स्वच्छता और श्रमदान का कार्यक्रम अपने कल्ब के युवा साथियों के सहयोग से करते आ रहे हैं, हमारे कल्ब और सहयोगी कल्ब के युवाओं के सहयोग से हद तक गंगा घाट की रूप रेखा बदली हैं। लेकिन जब तक सभी लोगों की सहभागिता और जागरूकता सुनिश्चित नहीं होगी। तब तक ये कार्य आसान नहीं हैं। सबकी सहभागिता से यह कार्य मुश्किल भी नहीं। इस कार्यक्रम में राहुल कुमार सिंह, सुबोध सिंह, अंकित सिंह, आदित्य कुमार, धनु कुमार सिंह, सौनक कुमार अंकुश कुमार इत्यादि शामिल रहें।

## हादसे में जख्मी जीविका कर्मी की मौत

केटी न्यूज/आरा



जिले के जगदीशपुर में सड़क हादसे में जख्मी एक जीविका कर्मी की मौत हो गयी। इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में बुधवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दावां गांव निवासी बबन राम के 35 वर्षीय पुत्र रामेंद्र कुमार राम थे। वह जगदीशपुर स्थित जीविका केंद्र में स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत था।

उनके छोटे भाई आशीष राज ने बताया कि शनिवार की सुबह वह बाइक से ड्यूटी करने जीविका कार्यालय जा रहे थे। तभी जगदीशपुर-बिहिया रोड पर बढ़िया टोला मोड़ के पास पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी थी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए पहले जगदीशपुर फिर आरा और उसके बाद पटना स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा था। इस बीच बुधवार की शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर, मौत के बाद परिजन शव लेकर आरा सदर अस्पताल लेकर आये। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि जीविका कर्मी तीन भाइयों में सबसे बड़े था। उनके परिवार मां शिवकुमारी देवी,पत्नी पिंकी देवी, पुत्र हिमांशु, सुधांशु और पुत्री हिमानी राज है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## एमडीए अभियान के लिए चयनित जिलों के वेक्टर बोर्न डिजीज अधिकारीयों एवं कर्मियों ने की शिरकत

# 24 में आठ जिलों में घर-घर दी जाएगी फाइलेरिया की तीन दवाएं

- एमडीए अभियान की तैयारी का आंकलन के लिए हुई राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक

केटी न्यूज/पटना



देश और राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य महकमा निरंतर प्रयासरत है। केंद्र सरकार पूरे देश से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए वर्ष 2030 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बुधवार को जूम मीटिंग के दौरान फाइलेरिया से संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्य के 24 जिलों में अगले माह दस फरवरी से एमडीए का मेगा लांचिंग यानि किया सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 16 जिलों में 2 दवाएं एवं शेष 8 जिलों में तीन तरह की दवाएं घर-घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी। अभियान की तैयारियों का आंकलन करने के लिए राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का वर्चुअल आयोजन हुआ।

**विस्तार से हुई तैयारियों पर चर्चा:** समीक्षा बैठक का संचालन करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज के राज्य कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि एमडीए अभियान की सफलता इसके लिए की जा रही तैयारी पर निर्भर करती है। मरीजों की लाइन लिस्टिंग, फॅमिली सर्वे, प्रखंड स्तर तक के स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमतावार्धन आदि इन सभी बातों पर अभियान की सफलता टिकी है। डॉ. पांडेय ने कहा कि सभी को एकजुट होकर यह प्रयास करना चाहिए कि अभियान के दौरान लक्षित आबादी को अपने सामने दवा खिलाई जाये और एक भी व्यक्ति ना छुटे।

**जिलावार की गयी तैयारियों की समीक्षा:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के फाइलेरिया सलाहकार डॉ. अनुज रावत के नेतृत्व में सभी जिलों के तैयारी के सभी पक्षों की समीक्षा की गयी और जरुरी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सभी तरह के रिपोर्टिंग फॉर्मेट को ससमय राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।

### 72 देशों में 86 करोड़ आबादी खतरे में

विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज के राज्य कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि फाइलेरिया नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डीजीज में एक प्रमुख रोग है। विश्व के 72 देशों में 85.9 करोड़ आबादी फाइलेरिया के खतरे में हैं। विश्व भर में फाइलेरिया विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है। इससे विश्व भर में लगभग 200 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति होती है। उन्होंने बताया कि एन टी डी जिसमे फाइलेरिया भी शामिल है के उन्मूलन पर खर्च किए गए प्रति 1 डॉलर पर 25 डॉलर का फायदा होगा। डॉ. पांडेय ने बताया कि फाइलेरिया प्रबंधन एवं उन्मूलन की दिशा में मरीजों को न्यूनतम पैकेज ऑफ केयर प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें फाइलेरिया संक्रमण का उपचार, एक्यूट अटैक का उपचार, हाथीपांव का प्रबंधन एवं हाइड्रोसील का सर्जरी शामिल है।

## खबरें फटाफट

### 15 तक बढ़ाई गई विद्यालयों में ठंड की छुट्टी

**बक्सर।** शीतलहर का प्रभाव पूरे जिले में जारी है। ऐसे में कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय 15 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश शिक्षा विभाग ने जारी कर दिए हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से पत्र जारी कर इसकी सूचना सभी सरकारी व निजी विद्यालयों को दी गई है। इसमें यह भी कहा गया है कि सभी शिक्षक विद्यालयों में नियत समय से उपस्थित होंगे और अपना कार्य करेंगे। ज्ञात हो कि 30 दिसंबर के बाद से ही जिले में जोरदार ठंड पड़ रही है। जिसके कारण कई मर्तबा इस आदेश का विस्तार होता आ रहा है। पिछले एक पखवाड़े से पूरे जिले में शीतलहर का प्रभाव देखा जा रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव छात्रों के स्वास्थ्य पर नहीं पड़े। इसी को देखते हुए विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य बंद रखने का निर्देश दिया गया है।

### मेंटेनेंस कार्य के लिए डेढ़ घंटे का मेगा ब्लॉक

बक्सर। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत वरीय अनुभाग अभियंता बक्सर क्षेत्राधिकार के गहमर तथा भदौरा स्टेशनों के बीच करहिया हाल्ट के पास बुधवार को डेढ़ घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर डाउन रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस का कार्य मशीनों द्वारा किया गया। इस दौरान डेढ़ घंटे तक डाउन रूट पर रेलवे का परिचालन बाधित रहा। गौरतलब हो कि जाड़े के दिनों में आए दिन हो रही रेल पटरी चटकने की घटनाओं को लेकर सजग हुआ रेल महकमा रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस के लिए सजग हो गया है। जिसको लेकर मटिसा मशीन के माध्यम से रेलवे ट्रैक पर गिट्टी पैकिंग का कार्य तथा पटरी में लगे पेंडल क्लिप में ग्रीसिंग का कार्य कराया जा रहा है। हालांकि इस दौरान ट्रेनों की घंटो विलंबित होने के कारण डाउन रूट के रेल परिचालन पर कोई खास असर नहीं पड़ा।

### छापेमारी में 133 पीस देशी व विदेशी शराब बरामद

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नोनियपुरा चौक से सोवां गांव को जाने वाली सड़क से मंगलवार को पुलिस ने छापेमारी कर 119 पीस देशी व 14 पीस विदेशी टेट्रा पाकेट शराब बरामद किया है। वहीं पुलिस के आने से पहले ही शराब तस्कर फरार हो गए थे। तस्करों की पहचान नहीं की जा सकी है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि शराब की तस्करी करने वाले एवं शराब पीने वाले के खिलाफ पुलिस विशेष मुहिम चला रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस फरार तस्कर की पहचान कर रही है। फिलवक्त अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# उद्घाटन मैच में गया ने दानापुर को 30 रनों से हरा सेमीफाइनल में पक्का किया स्थान

**केटी न्यूज/बक्सर**

- 17वीं फैज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का किला मैदान में हुआ आगाज

जिला स्तरीय 17वीं फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज किला मैदान पर बुधवार को हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डुमराव स्टेट के युवराज चंद्र विजय सिंह द्वारा प्रतिभागियों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा गेंद को बल्ले से हिट कर किया गया।

इस अवसर पर पिंटू सिंघानिया द्वारा सरे मैदान आतिशबाजी का शानदार नजारा प्रस्तुत कर प्रतिभागी क्रिकेटर और अतिथियों सहित क्रिकेट प्रेमियों का स्वागत किया गया। मैच की शुरूआत क्रिकेट जगत में जिले में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले शानदार खिलाड़ी जिनकी याद में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया था, स्व फैज के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित खिलाड़ियों और अतिथियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। आज के मैच की शुरूआत युवराज क्रिकेट क्लब गया तथा रेलवे दानापुर टीम के बीच हुई।इस रोमांचक मुकाबले में गया की टीम दानापुर रेलवे को 30 रनों से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। रणजी ट्रॉफी खेल चुके खिलाड़ियों से सजी दोनों टीमों की भिड़ंत को देख क्रिकेट प्रेमी भी काफी रोमांच का अनुभव कीए। पहले टॉस जीतकर गया की टीम के कप्तान ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया जो कि गया की टीम के लिए काफी मुफीद साबित हुआ। निर्धारित 21 ओवरों के इस मैच में गया की टीम सात विकेट के नुकसान पर 204 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर दिया। प्रत्युत्तर में बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर उतरी रेलवे दानापुर की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 175 रन पर ही सिमट गई। जिसके चलते गया की टीम का स्थान सेमीफाइनल में पक्का हो गया। मैच की सबसे खास बात यह रही कि क्रिकेटरों को मैदान पर ड्रेस कोड का पालन करते हुए शानदार जर्सी उपलब्ध कराया गया।



मैच खत्म होने के बाद खिलाड़ी व अन्य

साथ ही, इस मैच के सजीव प्रसारण के लिए अत्याधुनिक तकनीकी का भी प्रयोग किया गया। खिलाड़ियों द्वारा शानदार चौके और छक्के पर और विकेट लेने पर इनामों की भी बरसात होती रही। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉक्टर तनवीर फरीदी, डॉ. महेंद्र प्रसाद, लता श्रीवास्तव, राजेश यादव, सत्यदेव प्रसाद, अखिलेश पांडे, ऋषिकेश त्रिपाठी, सेठ छन्नूलाल आदि का विशेष योगदान रहा। अगले क्रम में आयोजक मंडल द्वारा बताया गया कि गुरुवार का मैच रेलवे सोनपुर बनाम मुजफ्फरपुर के बीच खेला जाएगा।

## शराब, कट्टा व गोली बरामद करने और मिठाई विक्रेता को पकड़ने पहुंची थी पुलिस

# युवक की गिरफ्तारी के बाद उग्र हुए नियाजीपुर के ग्रामीण, पुलिस को झेलना पड़ा आक्रोश

- ग्रामीणों ने कहा साजिश के तहत झूठे मामले में पकड़ रही थी पुलिस
- छापेमारी के दौरान पुलिस को मिले शराब के पांच टेट्रा पैक और लोडेड कट्टा

**केटी न्यूज/सिमरी**

बुधवार को सुबह नियाजीपुर बाजार के एक मिठाई दुकानदार को गिरफ्तार कर रही पुलिस टीम को स्थानीय ग्रामीणों के जबर्दस्त विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के विरोध के आगे आखिरकार पुलिस को उक्त आरोपी को छोड़ना पड़ा। बाद में पंचायत प्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। मिली जानकारी के अनुसार रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस को सूचना मिली थी कि नियाजीपुर बाजार स्थित ददन साह के मिठाई दुकान में शराब व अवैध कट्टा छिपाकर रखा गया है। संयोग से उस समय तिलक राय के हाता ओपी पुलिस नियाजीपुर बाजार में ही गश्ती अभियान चला रही थी।



नियाजीपुर बाजार में हंगामा करते लोग व इनसेट में बरामद शराब व हथियार

रामदास राय के डेरा ओपी प्रभारी संजय विकास त्रिपाठी ने इसकी सूचना तिलक राय के हाता ओपी प्रभारी संतोष कुमार को दी। उनके निर्देश पर गश्ती टीम ने ददन साह के पुत्र मन्नू साह के मिठाई दुकान में छापेमारी कर एक चौकी के नीचे से पांच पीस फ्रुटी पैक शराब के साथ ही एक देशी कट्टा व एक गोली बरामद करने के साथ ही दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की हिरासत में मन्नू को देख ग्रामीण उग्र हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस वाहन को घर भोजपुर कोईलवर तटबंध पथ को नियाजीपुर बाजार में जाम कर दिया। लोगों से खुद को घिरती देख पुलिस ने वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी। तत्काल दोनों ओपी के साथ ही सिमरी पुलिस भी मौके पर पहुंची। लेकिन ग्रामीण मन्नू को निर्दोष बता रहे थे तथा गुप्त सूचना देने वाले को पकड़कर उनके सामने लाने की जिद कर रहे थे। मामले को गंभीर होते देख तत्काल पंचायत प्रतिनिधियों को मौके पर बुलवाया गया। इस दौरान स्थानीय निवासी तथा सिमरी प्रखंड प्रमुख नीरज पाठक, राजापुर पंचायत के मुखिया मदन राय, एकौना मुखिया अशोक राय समेत दर्जनभर पंचायत प्रतिनिधि तथा सामाजिक कार्यकताओं ने घटना स्थल पर पहुंच लोगों तथा पुलिस के बीच जारी गतिरोध को समाप्त कराया। इस दौरान करीब दो घंटे तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

### ग्रामीणों ने बताया, अपराधी चरित्र का नहीं है युवक; मुखबिर का नाम उजागर करने की मांग

इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस ने जिस मिठाई दुकानदार को शराब व कट्टा रखने के आरोप में पकड़ा है वह अपराधिक चरित्र का नहीं है तथा उसकी छवि साफ सुथरी है। किसी ने साजिश के तहत पुलिस से मिलीभगत कर उसे फंसाने की नियत से उसके दुकान में हथियार व शराब रखे है। यही कारण है कि ग्रामीण पुलिस को सूचना देने वाले मुखबिर का नाम सार्वजनिक करने की मांग कर करे थे। लेकिन पुलिस उसका नाम सार्वजनिक नहीं कर रही थी। इसी बात को ले विवाद बढ़ गया था। पंचायत प्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद बाद में तय किया गया कि इस मामले की जांच की जाएगी कि आखिर कैसे उसके दुकान में हथियार और शराब पहुंचा।

### दो थानों का बार्डर इलाका है नियाजीपुर बाजार

बता दें कि नियाजीपुर बाजार तिलक राय के हाता ओपी और रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र का बार्डर इलाका है। बाजार पूर्वी छोर का हिस्सा रामदास राय के डेरा ओपी तथा पश्चिमी भाग तिलक राय के हाता ओपी के अंतर्गत आता है। मन्नू की मिठाई दुकान सड़क से पूरब है। जिस कारण यह रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र का हिस्सा है। ऐसे में तिलक राय के हाता ओपी पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी किए जाने से भी ग्रामीण नाराज थे।

## एलटीटी एक्सप्रेस से 9 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया तस्कर, रेल पुलिस ने भेजा जेल

**केटी न्यूज/बक्सर**

- डुमरांव का रहने वाला है तस्कर, मुंबई ले जा रहा था मादक पदार्थ

बक्सर रेल पुलिस ने डिब्रूगढ़ से लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक जाने वाली एलटीटी एक्सप्रेस से 9 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर प्रिंस कसेरा जिले के डुमरांव ठठेरी बाजार का रहने वाला है।

जानकारी के अनुसार वह एलटीटी एक्सप्रेस से बक्सर से मुंबई गांजा की खेप लेकर जा रहा था। लेकिन जैसे ही बक्सर स्टेशन पर यह टेज्न रूकी तो रेल पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान वह आरपीएफ के हत्थें चढ़ गया। संदेह के आधार पर आरपीएफ की टीम ने जब उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें से गांजा बरामद हुआ। जिसका कुल वनज 9 किलोग्राम था। रेल पुलिस की पूछताछ में तस्कर ने बताया है कि वह इसे लेकर मुंबई जाने वाला था। वहा




इसकी मोटी कीमत मिलती। लेकिन रेल पुलिस ने उसके मंसूबे पर पानी फेरते हुए उसे जेल भेज दिया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि तलाशी अभियान के दौरान उसे पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बक्सर स्टेशन पर आरपीएफ नियमिता तलाशी अभियान चला रही है। वही जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि उसे जेल भेज दिया गया है।

## अलाव तापने के दौरान गिरी पुरानी दीवार दबने से एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

- घटना में बाल बाल बचे आधा दर्जन लोग, पसरा मातम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के खलासी मुहल्ले में मंगलवार की देर रात पुरानी दीवाल गिरने से दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि आधा दर्जन लोग बाल बाल बच गए। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मियों में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। मृतक बिहारी राम उम्र 25 वर्ष खलासी मुहल्ले के नथुनी राम का पुत्र है। जबकि गंभीर रूप से जख्मी अविनाश राम उर्फ छोटू उम्र 27 वर्ष इसी मुहल्ले के सुरेन्द्र राम का पुत्र बताया जाता है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की राम करीब साढ़े नौ बजे बिहारी व छोटू के साथ कुछ अन्य युवक एक पुरानी दीवाल के पास अलाव जला ताप रहे थे। इसी दौरान अचानक दीवार गिर गई। जिससे दबने के कारण बिहारी और छोटू को गंभीर चोटें आई। दोनों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बिहारी की मौत हो गई। जबकि छोटू की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका इलाज करने वाले सदर अस्पताल के डा श्याम बाबू रजक ने बताया कि दीवाल से दबने के कारण उसका एक पैर टूट गया है जबकि सिर में भी गंभीर चोटें आई है। वहीं, इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। जवान बेटे की मौत के बाद परिजन दहाड़े मारकर रो रहे थे। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।



अस्पताल में घायलों को लेकर पहुंचे लोग

## एक नजर

### यातायात के नियमों का पालन करने से सड़कों पर कम होगी दुर्घटनाएं: डॉ शोभा सिंह




**डुमरांव।** बुधवार को स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज में एक सप्ताह तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने बताया कि सड़क दुर्घटना में न केवल एक व्यक्ति की मृत्यु होती है बल्कि परोक्ष रूप से उसपर आश्रित परिवार भी उस मौत के दंश को झेलता है। देश के आदर्श नागरिक होने के नाते हमसबों का कर्तव्य बनता है कि हम यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि देश मे प्रतिवर्ष होने वाले मौत के आंकड़ों में एक बड़ा हिस्सा सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगो का होता है। आकस्मिक सड़क दुर्घनाओं के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत दुर्घटनाएं चालकों की गलती से होती है। सड़क दुर्घनाओं की रोकथाम एवं ट्रैफिक जागरूकता हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। ततपश्चात कॉलेज के वरीय प्रोफेसर सुरेशचंद्र त्रिपाठी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर कॉलेज परिसर पहुंची। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में यातायात नियमो पर कार्यशाला, स्लोगन प्रतियोगिता, छात्रा-अविभावक संवाद आदि कार्यकर्मो का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर, डॉ शैलेन्द्र कुमार, प्रो शम्भूनाथ शिवेंद्र, डॉ दिनेश सिंह,डॉ किरण सिंह, चीकू सिंह, पावन सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### मठिला में किसान का थ्रेसर मशीन चोरी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला स्थित खंडरीचा रोड से चोरों ने एक किसान के हब्बा डब्बा की चोरी कर ली है। पीड़ित किसान हरेन्द्र महतो ने बताया कि वह खंडरीचा मोड़ के पास रात में तीन मुंह वाला हब्बा डब्बा मशीन रखा था। रात में अज्ञात चोरों ने इसे चुरा लिया है। हरेन्द्र की मानें तो इस मशीन की कीमत दो लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि सुबह में जब वे वहां गए तो देखा कि उनका मशीन गायब हो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी जब किसान के हब्बा डब्बा मशीन की जानकारी नहीं मिली तो उसने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी है। किसान की मानें तो इस उपकरण के चोरी होने के बाद उसे रबी फसल के उत्पादन में काफी परेशानी होगी। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि किसान द्वारा कृषि उपकरण चोरी होने की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### 12वीं भूगोल ईजी नोट्स पुस्तक का विमोचन




**डुमरांव।** इंटर कॉलेज, डुमरांव में 12वीं का जियोग्राफी इजी नोट्स पुस्तक का विमोचन किया गया। जिसके रचयिता डॉ संजय कुमार सिंह, व्याख्याता भूगोल विभाग, इंटर कॉलेज है। पुस्तक का विमोचन सामूहिक रूप से प्रधानाचार्य सुमन चतुर्वेदी, नामांकन प्रभारी सच्चिदानंद सिंह, मनोरंजन तिवारी, नीतू सिन्हा, रंजना कुमारी, भूपेंद्र नाथ राय तथा डॉ संजय कुमार सिंह के हाथों किया गया। यह पुस्तक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना एवं एनसीईआरटी पैटर्न पर आधारित है। जो डॉ. सिंह द्वारा तैयार की गई है। डॉ सिंह ने कहा कि यह पुस्तक 12वीं के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, जो परीक्षा की तैयारी में भूगोल के विद्यार्थियों को बहुत ही मदद देगा। यह पुस्तक अच्छे नंबर लाने में सहयोग करेगा। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने विमोचन करते हुए बताया कि हमारे महाविद्यालय के भूगोल प्रवक्ता डॉ संजय सिंह द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य विद्यार्थियों के लिए किए हैं जो काफी लग्नसीन हैं।12वीं के विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक अहम भूमिका निभाएगा, वहीं सच्चिदानंद सिंह के अलावा अन्य लोगों ने भी इस पुस्तक का सराहना की और डॉ को धन्यवाद दिए। वहीं मौके पर सत्यनारायण मिश्रा भूगोल विभाग, परवेज खान, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, नंदा सिंह, अनिता कुमारी के अलावा कई शिक्षक विद्यार्थी मौजूद रहे।

### दुर्घटना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 84 सड़क पर पिछले दिनों दुर्घटना में जख्मी एक युवक की मौत इलाज के दौरान सोमवार की देर शाम हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन रोने-बिलखने लगे। मृतक बरुणा गांव का रहने वाला कृष्णा यादव बताया जाता है। इस मामले में मृतक के भाई लालबिहारी यादव ने अज्ञात वाहन और चालक के खिलाफ आवेदन देकर ओपी थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चालक की खोजबीन में जुट गयी है. बताया जाता है कि मृतक बाइक से भोजपुर आ रहा था। इसी दौरान प्रतापसागर के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन धक्का मार फरार हो गया। घटना 29 दिसंबर की बतायी जाती है। इस हादसे में जख्मी को डॉक्टरों ने पटना के पीएमसीएच अस्पताल में रेफर किया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। ओपी पुलिस ने बताया कि अज्ञात चालक और वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गयी है।

## तापमान में गिरावट के कारण तालाब की मछलियों को इपियोटिक अल्सरेटिव सिंड्रोम नामक होती है बीमारी

# ठंड में बढ़ जाती है मछलियों में बीमारियों की संभावना: डॉ. सुदय

- सबसे पहले छोटी मछलियों में फैलता है इस बीमारी का संक्रमण

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

तापमान के गिरने के साथ तालाबों में मछली पर बीमारी का प्रकोप बढ़ गया है। तालाबों के अलावा नदी, नाला, चवर आदि जलकरों में बीमारियों के कारण मत्स्य पालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिससे मत्स्य का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जीव जन्तु वैज्ञानिक डॉ. सुदय प्रसाद ने बताया कि अगर तलाब में मछली सुस्त नजर आए तो



गोकुल जलाशय में जांच करते वैज्ञानिक

उसपर नजर रखे। वह मछली बीमार हो सकती है। समय पर उपचार नहीं होने से अन्य मछली संक्रमित हो सकती है। इसके अलावे शरीर पर हल्का लाल या गुलाली रंग में छोटे-छोटे धब्बे दिखायी देते हैं। यदि समय रहते इसका उपचार नहीं किया गया तो यह गहरे लाल या कथयी रंग में घाव का रूप धारण कर लेता है जिसके कारण मछलियां मरने लगती हैं। इस बीमारी को इपियोटिक अल्सरेटिव सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है। इस बीमारी का प्रकोप दिसम्बर से जनवरी माह तक होता है।

**सफाई की कमी से फैलती है बीमारी :** वैज्ञानिक डॉ. सुदय प्रसाद ने बताया कि इस बीमारी का संक्रमण सबसे पहले छोटी मछलियों पोठिया, गरई व गईचा के मरने से शुरू होती है, जो धीरे-धीरे कार्प मछली नैनी, सिल्वर, ग्रास, कतला आदि मछलियों को संक्रमित करता है। इसका मूल कारण जलकरों के अंदर सफाई का अभाव होता है। जिसके कारण मछलियों को बीमारी घेरने लगती हैं। एक बीमार मछली के कारण यह बीमारियां धीरे-धीरे जलाशय या तालाब की सभी मछलियों को संक्रमित कर देती है।

### जीव-जन्तु विभाग के वैज्ञानिक ने बताए ठंड में मछलियों को बचाने के तरीके

जीव-जन्तु विभाग के वैज्ञानिक डा. सुदय सिंह ने मछली पालक किसानों को सलाह दी है कि वे तालाब में पानी का स्तर पांच से छह फुट रखें ताकि तापमान में गिरावट आने की सूरत में ठंड से मछलियों को बचाया जा सके। उन्होंने कहा है कि तालाब में ऑक्सीजन का अनुकूल स्तर रखने के लिए एरिएटर का प्रबंध रखा जाना चाहिए। अधिक सर्दी के दिनों में मछली की खुराक को कम कर देना चाहिए, क्योंकि सर्दी के कारण तालाब में मछलियों के घूमने की गतिविधियां कम हो जाती हैं। इसके कारण मैटाबोलिजम प्रक्रिया धीमी हो जाती है। जिससे मछलियों में बीमारियों का अंदेशा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि तालाब में पल रही मछलियों की समय-समय पर जांच करवाई जानी चाहिए। ताकि समय रहते मछलियों को ठंड से बचाया जा सके।

CMYK

## चौसा में जमीन अधिग्रहण: पुलिस की कार्रवाई से नाराज किसानों ने मचाया तांडव, पुलिस ने की दस राउंड फायरिंग

# उग्र किसानों ने पुलिस को पीटा, फूंके 18 वाहन

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर प्लांट में भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर आंदोलन काफी उग्र हो गया है। मंगलवार की रात जहां पुलिस ने बनारपुर गांव में घुस आंदोलनकारी किसानों के घर के बच्चे, बुजुर्गो, महिलाओं यहां तक की युवतियों पर बेरहमी से लाठियां बरसाईं तो इससे नाराज ग्रामीणों ने पौ फटते ही तांडव मचाते हुए थर्मल पॉवर और पुलिस पर अपना आक्रोश दिखाया। ग्रामीणों ने थर्मल पॉवर के मुख्य गेट व वहां खड़े वज्र वाहन को आग के हवाले कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठी, डंडे तथा ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। ग्रामीणों की संख्या अधिक थी। इस दौरान 11 पुलिस कर्मी उग्र ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए। ग्रामीणों ने इनकी जमकर पिटाई कर दी। जख्मियों में दो पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर बनी हुई है। अपने साथियों को ग्रामीणों के चंगुल से बचाने के लिए पुलिस को दस राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। इससे ग्रामीणों का आक्रोश और भड़क गया। ग्रामीणों ने लगे हाथ पुलिस के वाहन को आग लगा जला दिया। इसके बाद भी उग्र लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ। ग्रामीणों ने इसके बाद एंबुलेंस वाहन, फायर बिग्रेड के तीन वाहनों तथा एक कर्मचारियों लिए चलाए जानी वाली बस समेत कुल 18 वाहनों को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों के इस तेवर को देख पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए। बाद में वरीय पदाधिकारियों को इस घटना की सूचना दी गई। इसके बाद जिलेभर की पुलिस को वहां भेजा गया। तब जाकर स्थिति नियंत्रण में आई। बावूजद ग्रामीणों का आक्रोश कम नहीं हुआ है।



ग्रामीणों के द्वारा वाहनों को जलाने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस जवान



मामले की छानबीन करने के बाद जानकारी देते डीएम व मौजूद डीआईजी



अस्पताल में इलाजरत जवान का हालचाल लेते सिविल सर्जन

- ग्रामीणों की पिटाई से घायल हुए 11 पुलिसकर्मी, दो की हालत गंभीर
- थर्मल पॉवर के कई हिस्सों को किया आग के हवाले
- कैंप कर रहे है डीआईजी व डीएम-एसपी

## अधिकारियों के बीच हुई हाई लेवल मीटिंग

इस घटना को पुलिस प्रशासन ने काफी गंभीरता से लिया है। घटना के तत्काल बाद शाहाबाद रेंज के डीआईजी मौके पर पहुंच गए है। उनके साथ बक्सर डीएम अमन समीर, एसपी मनीष कुमार समेत पुलिस व प्रशासन के तमाम वरीय अधिकारी चौसा में कैंप कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि एलएनटी कार्यालय में अधिकारियों की हाई लेवल मीटिंग चली। हालांकि इस मीटिंग में क्या तय हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। संवाद संप्रेषण तक पुलिस एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## थानाध्यक्ष समेत पूरी टीम लाइन हाजिर

डीआईजी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार समेत छापेमारी में गई पूरी पुलिस टीम को लाईन हाजिर कर दिया है। घटना के ग्रामीणों द्वारा वायरल किए गए वीडियो की जांच करने तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का निर्देश भी डीआईजी ने एसपी को दिया है। बता दें कि रात में पुलिस द्वारा काफी बर्बर तरीके से ग्रामीणों की पिटाई की गई थी। घटना के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। जिसमें यह देखा जा रहा है कि पुलिस महिलाओं व युवतियों तक पर लाठियां बरसा रही है।

## भयावहता की तस्वीरें...



बस में आग लगाने के बाद उठता धुआं



ग्रामीणों द्वारा गार्ड रूम के जलाए जाने बाद का नजारा



आक्रोशित भीड़ द्वारा जलाई गई बाइक्स



सदर अस्पताल में जख्मी जवान का इलाज करते चिकित्सक

## 40 मिनट तक रणक्षेत्र बना रहा थर्मल पॉवर परिसर

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को चौसा के ग्रामीण जब थर्मल पॉवर प्लांट को आग के हवाले कर रहे थे तब उन्हें रोकने आई पुलिस और ग्रामीणों के बीच जमकर मारपीट हुई। रात की घटना से खार खाए ग्रामीण लाठी डंडे से लैश हो आए थे। ग्रामीणों और पुलिस के बीच करीब 40 मिनट तक मारपीट होते रही। जिसमें 11 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें दो को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## चार कंपनी अतिरिक्त पुलिस बल को किया गया है तैनात: डीआईजी

शाहाबाद क्षेत्र के डीआईजी नवीन चंद्र झा ने केशव टाईम्स को बताया कि मंगलवार को ग्रामीणों ने चौसा पॉवर प्लांट में तालाबंदी कर काम ठप कराया था। जिसके बाद स्थानीय सीओ ने इस मामले में ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज कराया था। चूकी मामला बेहद गंभीर था। इसलिए पुलिस रात में उन्हें गिरफ्तार करने गई थी। तीन ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया है। डीआईजी ने कहा कि रात में पुलिस की पिटाई से नाराज ग्रामीणों के हिंसक कार्रवाई में 18 वाहन जले हैं। जिनमें पुलिस के दो तथा एलएनटी कंपनी के 16 वाहन शामिल हैं। जबकि 11 पुलिसकर्मियों को चोटें आई है। जिसमें 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। डीआईजी ने कहा कि पुलिस ने दस राउंड फायरिंग की है। ग्रामीणों द्वारा फायरिंग किए जाने की जानकारी नहीं मिली है।

## वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की हो रही शिनाख्त

डीआईजी ने कहा कि इस घटना को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। स्थानीय पुलिस के अलावे बाहर से चार कंपनी अतिरिक्त पुलिस टीम थर्मल पॉवर प्लांट में तैनात किया गया है। जिनमें भोजपुर और रोहतास से एक-एक कंपनी पुलिस बल पहुंच गई है। जबकि मुख्यालय से भी दो कंपनी बल की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि चौसा में लंबे समय तक पुलिस टीम तैनात किया जाएगा। डीआईजी ने कहा कि उपद्रव, आगजनी व पुलिस टीम पर हमला करने वालों की शिनाख्त वीडियो फुटेज के आधार पर की जा रही है।

## बक्सर एसपी बोले... किसान परिवारों पर लाठीचार्ज की हो रही जांच

बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा कि किसान अचानक आक्रोशित हो गए थे। आक्रोशित किसान थर्मल पॉवर कैम्पस में घुसकर हमला किए है तथा काफी तोड़फोड़ और आगजनी की गई है। पुलिस वाहन समेत लगभग डेढ़ दर्जन वाहनों को आग के हवाले किया है। उनके हमले में आधा दर्जन से अधिक पुलिसवाले भी घायल हैं। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसानों के उग्र कदम के बाद स्थिति अब कंट्रोल में है। पुलिस क्षतिग्रस्त हुए सामानों की समीक्षा कर रही है। वहीं रात में हुई किसान परिवार पर लाठीचार्ज को लेकर एसपी बोले की मामले की जांच की जा रही है। दोषी पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## आखिर क्या है किसानों के आंदोलन की मुख्य वजह

चौसा में 10 हजार करोड़ की लागत से निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर प्लांट के लिए स्थानीय किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इसके लिए वर्ष 2013 में ही एलएनटी कंपनी ने अधिग्रिहीत जमीन के मुआवजे की राशि सरकार को दे दी थी। अधिकांश किसानों को मुआवजे की राशि भी मिल गई थी। कुछ किसान इससे वंचित रह गए थे। पिछले साल जब किसानों के जमीन पर निर्माण शुरू हुआ तो वे आज के रेट से मुआवजे की मांग करने लगे। जबकि कंपनी द्वारा पुराना रेट ही दिया जा रहा था।

## बड़ा सवाल... किसके इशारे पर पुलिस ने हाथ में लिया कानून

इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर मुफस्सिल थाने की पुलिस ने किसके इशारे पर कानून को अपने हाथ में लिया। भले ही एलएनटी कंपनी का काम ठप कराने के विरूद्ध स्थानीय सीओ ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस खुद कानून को अपने हाथ में लेकर आधी रात ग्रामीणों के घर पहुंच उनके परिजनों की पिटाई शुरू किया। जबकि इस मामले में पुलिस के वरीय अधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज करते रहे। जाहिर है उन्हें ऐसा करने के लिए वरीय पदाधिकारियों से कोई निर्देश नहीं मिला था। जिसके बाद खुद थानाध्यक्ष ने यह कार्रवाई अपनी मर्जी से किया है। अब सवाल उठता है कि एक अदने से थानाध्यक्ष क्या ग्रामीणों पर हमले का निर्णय ले सकते हैं। बड़ी बात तो ये भी है कि धरना देने वाले किसान हैं कोई आतंकी या नक्सली नहीं।

## पुलिस के भय से घर छोड़ चुके हैं कई ग्रामीण

बुधवार की हिंसक घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिसिया प्रतिक्रिया का भय बना हुआ है। जिस कारण ग्रामीण घर छोड़ चुके है। जानकारों की मानें तो ग्रामीणों में इस बात का भय है कि पुलिस कहीं फिर रात में आकर उनकी पिटाई व गिरफ्तारी न करे। इस कारण घर के अधिकांश पुरूष सदस्य फरार हो गए हैं। हालांकि दबी जुबान से यह बात भी सामने आ रही है कि पुलिस ने अगर फिर कार्रवाई की तो किसान दुबारा हिंसक रुख अपना सकते हैं।

## उग्र आंदोलन से करोड़ों की संपति को पहुंचा है नुकसान

ग्रामीणों के उग्र आंदोलन के कारण थर्मल पॉवर प्लांट व पुलिस को मिलाकर करोड़ो की संपति को नुकसान पहुंचा है। उग्र ग्रामीणों द्वारा 18 वाहनों को फूंका गया है। इसके अलावे थर्मल पॉवर के मुख्य गेट को भी जला दिया गया है। जबकि 11 पुलिसकर्मियों को जख्मी किया गया है। जिससे करोड़ो के संपति के नुकसान होने की बात बताई जा रही है।

**जख्मी पुलिसकर्मियों की सूची:** सदर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में पुलिसकर्मी अमित कुमार का एक पैर व एक हाथ टूट गया है। जबकि उनके सिर में भी गंभीर चोटें आई है। वही मो इस्लाम, भुवन यादव, अजित पांडेय, युगल किशोर सिंह, मो कासिम, अफताब आलम, अभिषेक कुमार झा, अकज कुमार सहित अन्य कई पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं।

## जनप्रतिनिधियों ने की पुलिसिया कार्रवाई की निंदा; किसी ने जांच की उठाई मांग तो किसी ने सरकार पर लगाए आरोप

# केंद्र की प्रोजेक्ट में राज्य सरकार के इशारे पर प्रशासन पैदा कर रहा व्यावधान: विजय कुमार सिन्हा

- नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा को दी गई घटना की जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

भाजपा पंचायती राज मंच के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने इस गंभीर मामले की जानकारी विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा से मिलकर उन्हें दी है। उन्होंने केशव टाईम्स को बताया कि चौसा पॉवर प्लांट प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण विवाद मामले की जानकारी और किसानों पर हो रहे पुलिसिया जुल्म के विषय में विधानसभा में भाजपा के नेता विजय सिन्हा को जानकारी दिया और यथोचित समाधान का रास्ता निकालने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर, स्थानीय प्रशासन, केन्द्र सरकार की अति उपयोगी प्रोजेक्ट में व्यावधान पैदा कर रही है। सरकार अतिशीघ्र घटित घटना कि उच्च स्तरीय जांच कराते हुए, प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा राशि दे। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार चाहती तो इस मामला का समाधान अबतक निकाल सकती थी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष गंभीर हो गए है। जल्दी ही सरकार से सवाल पूछा जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों पर हुए पुलिसिया जुर्म की वे कड़े शब्दों में निंदा करते है।



नेता प्रतिपक्ष को घटना की जानकारी देते ओमप्रकाश भुवन

## न्यायिक कमेटी बनाकर मामले की हो जांच: सदर विधायक


**बक्सर।** सदर विधायक संजय कुमार उर्फ मुन्ना तिवारी ने कहा कि आंदोलनकारी किसानों के परिवारों पर पुलिस द्वारा आधी रात को लाठीचार्ज काफी निंदनीय है। इसकी न्यायिक कमेटी बनाकर जांच की जाए। जो दोषी है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

वहीं विधायक ने कहा कि उनके द्वारा सदन में मामला उठाया गया है। 80 फिसदी किसान माननीय उच्च न्यायालय में मुआवजे की मांग को लेकर शरण में है। इन किसानों से भी आग्रह है कि कोर्ट जाए। जो भी निर्देश होगा सरकार पालन करेगी।



## सीएम के निर्देश पर हुआ लाठी चार्ज: सांसद

**बक्सर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि जिस तरह से आंदोलनकारी किसानों के परिजनों पर आधी रात को लाठीचार्ज किया गया है, वह काफी शर्मनाक है। महागठबंध सरकार में पुलिस बेलगाम हो गई है। अपराधी तांडव मचा रहे है। पुलिस सभ्य किसानों पर डंडे बरसा रही है। मुफस्सिल थाना पुलिस पर कार्रवाई के लिए डीएम-एसपी को बोला गया है। केन्द्र सरकार द्वारा एसजेवियन कंपनी को पैसा जारी कर दिया गया है। परन्तु बक्सर डीएम के द्वारा राज्य सरकार के निर्देश पर वर्ष 2013 के दर निर्धारित किए है। जिससे नाराज किसान आंदोलन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर मासूम किसानों तथा उनके परिजनों पर लाठीचार्ज किया गया है। सांसद ने कहा कि उन्होंने कमिश्नर को समीक्षा कर किसानों को मुआवजा देने को कहा है। मामले का समाधान करने के बजाए राज्य सरकार इसे उलझा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है।



# फायर माक ड्रिलः स्कूली बच्चों को दी गई आग पर काबू पाने की जानकारी

- ऊंची मंजिलों, इमारतों में फंसे लोगों को बचाने की दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर स्थित सनबीम स्कूल महराजगंज में बुधवार को फायर माक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आपातकालीन तैयारी योजना की समीक्षा करने के साथ-साथ किसी भी स्थान पर मानक संचालन प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करना है। विशेष रूप से बड़े संगठनों, स्कूलों, स्थानों पर जहां खतरनाक सामग्री (रसायन, एसिड, एलपीजी) आदि का उपयोग किया जाता है। उन सबसे अचानक घटने वाली घटनाओं से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। मॉक ड्रिल इस बात का पूरा प्रदर्शन है कि आपदा आने पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए। यह संभावित त्रुटियों और जोखिमों की पहचान करता है। विभिन्न आपदा नियंत्रण विभागों के बीच समन्वय में सुधार करता है। यह दिखाता है कि ऊंची मंजिलों, इमारतों में फंसे लोगों को कैसे बचाया जाए। इस माक ड्रिल में बच्चों को विभिन्न प्रकार से लगने वाले आग से कैसे बचाया तथा उससे बचने के लिए किस उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। उसके बारे में प्रशिक्षण और जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम अग्निशमन विभाग के अधिकारी अनिरुद्ध जी के निरीक्षण में किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों ने हिस्सा लिया।



गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने की जानकारी देते कर्मचारी



आग को बुझाने का डेमो देता कर्मी

साथ ही, अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कर प्रशिक्षण भी लिया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन केपी सिंह ने बच्चों और विद्यालय के कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि हमारा विद्यालय इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित कर सबके लिए एक जानकारी देने और आग से बचने के लिए या जो भी प्राकृतिक या अप्राकृतिक आपदा से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। जो कुछ भी उपकरणों की आवश्यकता है उसको विद्यालय में अधिक संख्या में उपलब्ध कराने के लिए भी संदेश दिए। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर नवीन सिंह, प्रवीण सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना कुमारी, एडमिनिस्ट्रेटर सरोन जालान, उप प्रधानाचार्या तहसीन, को-आर्डिनेटर सानिया, सिदरा, सुभद्रा, अकाउंट मैनेजर अमित श्रीवास्तव, एस्टेट इंचार्ज अभिषेक सिंह, एक्टिविटी इंचार्ज आमिना खातून, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज विनय उपाध्याय, अकाउंटेंट आशीष तिवारी तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

## छोटी खबरें

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत

**मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के का करोजा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक सात वर्षीय मासूम बच्ची की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि अंकिता कुमारी पुत्री संजय कुमार निवासी फतेहपुर ताल नरजा थाना कोपागंज जो दोहरीघाट थाना क्षेत्र के करौजा गांव अपने ननिहाल में रहती थी। खेलते खेलते अपने घर से बाहर जैसे ही निकली एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गई। जिससे घटनास्थल पर ही मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**बलिया।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर ली। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी रेखा देवी 29 पत्नी लक्ष्मण राजभर मंगलवार की देर संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर अचेत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जयंती पर शिविर का आयोजन

**मऊ।** वलीदपुर इलेक्ट्रो होमियोपैथिक स्टडी सेन्टर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी की 214 वां जयंती मनाई गई। इस अवसर पर चार से 11 जनवरी तक नि:शुल्क इलेक्ट्रो होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन रहा है। आज शिविर के अंतिम दिन लगभग 127 मरीजों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क इलेक्ट्रो होमियोपैथिक दवाएं भी दी गई। डॉ. अयाज अहमद, डॉ. अबुलकैश, डॉ. मुहम्मद सलमानी, डॉ. नंद लाल, डॉ. नसीम अख्तर आदि ने उक्त शिविर में अपनी सेवाएं दीं।

### बलिया पहुंची यात्रा, किया गया स्वागत

**बलिया।** ऑल इंडिया खरवार वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में खरवार समाज के सम्मान के लिए निकाली गई। यह यात्रा प्रदेश के कई जनपदों से होते हुए बलिया के सिकन्दरपुर पहुंची। उस सम्मान यात्रा का स्वागत खरवार भवन चेतन किशोर सिकंदरपुर में जनपद के सभी पदाधिकारियों और खरवार समाज की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया खरवार वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मजिनदर खरवार जी ने कहा कि खरवार सम्मान यात्रा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में दौरा कर खरवार समाज के लोगों में एकजुटता जागरूकता लाना एवं सभी को एक मंच पर आकर खरवा समाज के मान सम्मान एवं मूलभूत समस्याओं के निस्तारण के लिए संघर्ष में सहयोग के लिए प्रेरित करना है।

## बांसडीहरोड थाना पुलिस को शंकरपुर तिराहे पर चेकिंग के दौरान मिली सफलता

# बलिया में 25 लाख का ब्राउन शुगर बरामद अवैध हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- पकड़े गए आरोपितों के पास से तमंचा और कारतूस बरामद
- पुलिस के रूकने के बाद भागने लगे अपराधी, पीछा कर जवानों ने दबोचा

**केटी न्यूज/बलिया**

मंगलवार की देर रात बांसडीहरोड थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 250 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बरामद ब्राउन शुगर की बजार में कीमत लगभग 25 लाख रुपए बतायी जा रही है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों व सन्दिग्ध व्यक्तियों की तलाशी, वांछितों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बासडीहरोड राजकपूर सिंह मय हमराह टीम के साथ शंकरपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे।



प्रेसवार्ता करते एएसपी

उसी दौरान एसओजी टीम के उपनिरीक्षक अजय यादव मय एसओजी टीम भी पहुंचे। इसी बीच बलिया की तरफ से एक बाइक तेज गति से आती दिखायी दी। जिसको देखते ही संदेह के आधार पर रोकने का प्रयास किया गया। परन्तु मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति गाड़ी को रोक कर पुनः बलिया की तरफ भागने का प्रयास किये। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेर कर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम पवन उपाध्याय पुत्र स्व. रवीन्द्र उपाध्याय निवासी उदवन छपरा थाना हल्दी और आकाश उपाध्याय पुत्र राजेश उपाध्याय निवासी हल्दी (पश्चिम टोला) थाना हल्दी बताया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से सफेद प्लास्टिक की पन्नी में भूरे रंग का पदार्थ प्राप्त हुआ। जिसके बारे में पूछताछ में बताया कि इसमें ब्राउन सूगर है तथा उसके पास से एक तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

## कुत्ते के काटने को लेकर हुई मारपीट में महिला की गई जान, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

मंगलवार की देर शाम बैरिया क्षेत्र में कुत्ते काटने के विवाद में मारपीट में एक महिला की मौत हो गई। जबकि आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद गांव घर में मातम पसर गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेने के साथ ही अंत परीक्षण के लिए भेज दिया। साथ ही इस मामले में एक पक्ष के 2 लोगों की गिरफ्तारी पुलिस ने की है।

बैरिया थाना क्षेत्र के हरपुर गंगौली नई बस्ती गांव में एक व्यक्ति के पालतू कुत्ते ने कई लोगों को काट कर घायल कर दिया था। मृतक महिला गांव में कहीं जा रही 55 वर्ष लाल मुनी पत्नी दीनदयाल बिंद को भी कुत्ते ने काटने के लिए दौड़ा लिया। इसकी सूचना महिला ने कुत्ते के मालिक के घर देने पहुंची। इसको लेकर कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ा तो एक युवक ने महिला पर ईंट से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के चलते महिला घायल हो गई। उनके सिर में रक्तस्राव होने लगा। जानकारी होने के बाद परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। सदर अस्पताल के इमरजेंसी में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन रोते बिलखने लगे।

घरवालों ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही इस मामले में आरोपित शिवसागर बिंद पुत्र रामेश्वर 60 वर्ष आजाद पुत्र शिवसागर उम्र 30 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अन्य की गिरफ्तारी के लिए भिन्न-भिन्न स्थानों पर पुलिस दबिश दे रही है। इस घटना के बाद दूसरे पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

## दोषपूर्व कार्यप्रणाली के कारण गिरी गाज, सीएमओ ने की सेवा समाप्त

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में, सीएमओ डॉ जयंत कुमार ने एनयूएचएम के डीसीएए नीलेश वर्मा की सेवा समाप्त कर दी है। दोषपूर्ण कार्यप्रणाली, कार्य व्यवहार, आचरण, पदीय उत्तरदायित्वों का निर्वहन न करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।

सीएमओ ने बताया कि श्री वर्मा के खिलाफ मिली शिकायतों की जाँच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जांच समिति ने भी जांच के बाद संविदा समाप्त करने की संस्तुति की। जाँच रिपोर्ट पर निर्णय लेने के पूर्व जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति ने व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अंतिम अवसर प्रदान दिया। इसके अलावा सीएमओ की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी, जिसमें डिप्टी कलेक्टर, वित्त एवं लेखाधिकारी एवं अर्बन के नोडल अधिकारी ने मामले को देखा और संविदा समाप्ति की संस्तुति किये जाने के निर्णय पर सहमति दी। मिशन निदेशक की ओर से भी जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से निर्णय लेने के लिए कहा गया। इसके बाद बुधवार को सीएमओ में नीलेश वर्मा की सेवा समाप्ति का आदेश निर्गत करते हुए सभी अभिलेख डीपीएम को हस्तगत करने का आदेश दिया है।

## जिले के 22 हजार ट्रांसफॉर्मरों पर लगेगा कैपेसिटर हाई और लो वोल्टेज की समस्या का होगा निदान

**केटी न्यूज/बलिया**

हाई और लो वोल्टेज की समस्या का अब निदान हो जाएगा। रीवैंप योजना के तहत बिजली ट्रांसफॉर्मर पर कैपेसिटर लगाए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को आए दिन होने वाले लोकल फॉल्ट से मिल जाएगी। कैपेसिटर शहर से लगायत देहात तक के ट्रांसफॉर्मरों पर लगाए जाएंगे। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता आरके सिंह ने बताया कि जिले में करीब 3.57 लाख उपभोक्ता है। जिनको करीब 22 हजार छोटे, बड़े सभी ट्रांसफॉर्मरों से बिजली की आपूर्ति की जाती है। इन ट्रासंफॉर्मरों पर कैपेसिटर (कंडेनशर संधारित) लगाए जाएंगे, जो एचटी और एलटी के करंट को नियंत्रित रखेंगे। इससे गर्मी के दिनों में तकनीकी खराबी और ट्रिपिंग की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। कारण यह कि गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग के चलते कई तरह की समस्याएं आती हैं। वोल्टेज पर नियंत्रण न रहने के कारण ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाते हैं और तार भी टूट जाते थे। इतना ही नहीं लोगों के घरों में लगे इलेक्ट्रानिक उपकरण भी जल जाते थे। इसके कारण उपभोक्ताओं को बड़ा नुकसान झेलना पड़ता था।



**गर्मी के दिनों में कम जलेंगे ट्रांसफॉर्मर :** गर्मी के दिनों में प्रतिदिन तीस ट्रांसफॉर्मर जलने की शिकायत निगम के पास पहुंचती थी। निगम के अफसरों के अनुसार कैपेसिटर लगने से काफी हद तक समस्या का निदान हो जाएगा। कारण यह कि ट्रांसफॉर्मर जलने से विभाग को भी काफी नुकसान होता है। अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम आरके जैन ने बताया कि कैपेसिटर लगने से लोकल फॉल्ट में कमी आएगी और ट्रांसफॉर्मर भी कम जलेंगे। रीवैंप के तहत कई कार्य होने हैं। जिले के जर्जर तार को बदला जाना है।

## एक नजर

### बनियापार पर धान क्रय केन्द्र पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे उपजिलाधिकारी



**मऊ।** साधन सहकारी समिति बनियापार पर धान खरीद जीरो होने की सूचना पर बुधवार को उपजिलाधिकारी अवधेश चौहान ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पहुंचकर समिति पर देखा कि एक किसान के माध्यम से 25 कुंटल धान की खरीद हो रही थी। लेकिन बोरे का अभाव होने के कारण सचिव विवेक सिंह को निर्देश दिया। जो लक्ष्य निर्धारित है उसे शत-प्रतिशत पूरा करें। धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के द्वारा उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सरकार द्वारा लागू की गई नियमों के तहत ही धान खरीद करें एवं जिन किसानों का धान खरीदा जा चुका है। उनको नियमानुसार उनके खाते में सीएफएमएस के माध्यम से पैसा का भुगतान भी कराते रहें। इसी तरह तहसीलदार राहुल गुप्ता ने तहसील के चिरैयाकोट क्षेत्र के ग्राम जमीनकाजी हसन एवं विपणन केंद्र चिरैयाकोट स्थित धान क्रय केंद्र पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन दोनों केंद्रों पर धान की खरीद चल रही थी। लेकिन गोदाम फुल होने के कारण धान की उठान नहीं हो पा रही है। निरीक्षण में दोनों क्रय केंद्रों पर प्रभारी मौजूद मिले।

### एसपी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन



**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी ने सर्वप्रथम विभिन्न थानों से आए हुए कर्मचारियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी थानों के थानाध्यक्षों के साथ अपराध समीक्षा बैठक/गोष्ठी की गई। इसके बाद आगामी चुनावों के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के अपराधियों पर नजर रखने व कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। ऐसे अपराधी जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। गैर जनपद से लगे सीमाओं पर किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतने के लिए भी निर्देशित किया गया। मादक पदार्थों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। इलाके में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी को सख्त निर्देश दिया गया कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को कदापि न बक्शा जाए। सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया तथा यह भी निर्देश दिया गया कि किसी भी थाना क्षेत्र में कोई भी अपराध घटित न होने पाए।

### वाराणसी से मऊ की तरफ जा रही सीमेंट लदी मालगाड़ी के सात डिब्बे अलग हुए



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मटुकपुर गांव के पास सीमेंट लदी 59 डिब्बे की मालगाड़ी के कपलिंग टूटने से दो भागों में बट गई। जिसकी वजह से वाराणसी- मऊ लाइन पर चलने वाली कई ट्रेनें जो जहां थी वो वहीं खड़ी हो गई। दरअसल सीमेंट लादकर वाराणसी से मऊ की तरफ जा रही मालगाड़ी ट्रेन मटुकपुर गांव के पास सुबह 8:40 पर पीछे गार्ड सहित सात डिब्बे कपलिंग टूटने की वजह से अलग हो गई थी । हालांकि कंप्रेसर कम होने की वजह से चालक को पता चल गया और तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगा लिया। जिससे बीस मीटर की दूरी पर जाकर ट्रेन खड़ी हो गई। वहीं दुल्लहपुर जखनिया के बीच में सिंगल रेल पटरी होने की वजह से जहां-जहां ट्रेन जो थी वो खड़ी हो गई। उधर प्रयागराज वाराणसी जाने वाले परीक्षार्थी को काफी समस्या उठानी पड़ी। बस द्वारा गाजीपुर से वाराणसी के लिए रवाना हो गए। उधर ट्रेन की कपलिंग टूटने की वजह से खड़ी ट्रेन को देख यात्री स्टेशन के अंदर टिकट वापसी के लिए पहुंच गए। बता दें कि दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन पर छपरा से वाराणसी सिटी जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 8:30 बजे रुकी थी तथा मालगाड़ी थ्रो ट्रेन जाने के लिए हरी सिग्नल मिला था।मालगाड़ी जखनिया स्टेशन से अपने रफ्तार से चल रही थी लेकिन दुल्लहपुर के पास मटूकपुर के पास गार्ड के साथ सात डिब्बे के कपलिंग टूटने से अलग हो गए । हालाकि कंप्रेसर कम होने से चालक को पता चल गया ट्रेन वहीं खड़ी कर दी। काफी देर तक बनाने को कोशिश की। लेकिन असफल रही। स्टेशन अधीक्षक ऋषिकेश सिंह ने तत्काल कंट्रोल वाराणसी को सूचित किया। जिसके बाद दूसरे इंजन को बुलाया गया। लेकिन दूसरा इंजन आने में काफी समय लग जाने की वजह से मालगाड़ी के चालक ने आगे के शेष डिब्बे को लेकर तीन नम्बर रेल लाइन पर लाकर रोका, फिर वही इंजन निकलकर सात डिब्बे को लाकर गार्ड के डिब्बे के तरफ जोड़कर साढ़े दस बजे मऊ की ओर रवाना हुई।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर कायस्थ महासभा ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

# शास्त्री जी ने अपना पूरा जीवन सरलता व सादगी से बिताया: अरुण

- शास्त्री नगर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण एवं दीपदान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शास्त्री नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपदान किया गया। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी कार्यकताओं ने प्रतिमा स्थल पर दीप जलाया और फिर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। माल्यार्पण एवं दीपदान करने के पश्चात पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. आरएस लाल के आवास पर आयोजित गोष्ठी में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शास्त्री को देश का महान नेता बताया।



शास्त्री जी के मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद नारा लगाते समिति के सदस्य

उन्होंने कहा कि उनमें देशभक्ति की भावना कूट -कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन सरलता और सादगी से बिताया। उनका 18 महीने का प्रधानमंत्रित्व काल गीता के 18 अध्यायों की तरह पूरी तरह से पाक साफ था। सरकार के तमाम महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बावजूद उनके दामन पर कोई दाग नहीं था। वह अत्यन्त साहसी और बहादुर नेता थे। उन्होंने ही जय जवान -जय किसान का नारा दिया था। उन्होंने गांधी जी के आह्वान पर बहुत ही कम उम्र में देश के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह बाहर से काफी उदार और विनम्र थे, लेकिन अंदर से चट्टान की तरह दृढ़ थे। रेल मंत्री होने के दौरान एक रेल दुर्घटना होने पर उन्होंने अपनी जिम्मेदारी मानते हुए नैतिकता के आधार पर अपने पद से त्याग पत्र दे दिया था। उनका त्याग पत्र स्वीकार करते हुए नेहरू ने कहा कि उनका इस्तीफा मैं इसलिए नहीं स्वीकार कर रहा हूं। वह इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार है, बल्कि मैंने इनका इस्तीफा इसलिए मंजूर किया कि इनका यह कदम देश की सियासत में काम करने वालों के लिए एक नजीर होगा। हम सबको संवैधानिक मयार्दा का पालन करने की प्रेरणा देगा। लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हम सबको उनके जीवन से सबक लेकर सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और ईमानदारी का पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। यही हम सबकी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, श्री कृष्णा, नवीन श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। इस गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया।